प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 24.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामजल सेतु लिंक परियोजना के कार्यों को गति प्रदान करने और बारां जिले में जनजाति बहुल क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भूमि आवंटन के महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। मुख्यमंत्री ने बालिका सैनिक विद्यालय की स्थापना के लिए कोटा जिले की रामगंजमण्डी तहसील में 22 हैक्टेयर भूमि का आंवटन स्कूल शिक्षा विभाग को करने की मंजूरी दी है। रामजल सेतु लिंक परियोजना के अन्तर्गत बांरा जिले में रामगढ और महलपुर बैराज के निर्माण से डूब क्षेत्र में होने वाले विस्थापितों और प्रभावित परिवारों को कोयला गांव में बसाया जायेगा। वहीं मुख्यमंत्री ने पचपदरा रिफाइनरी के पास राजस्थान पेट्रोजोन की स्थापना के लिए रीको को पचपदरा तहसील के बोरावास और बागुण्डी गांव में भूमि आंवटन को भी मंजूरी दी है।

........................

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर समाज का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से पहली बार वर्ष 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरूआत की गई थी। इस वर्ष का विषय है–उज्जवल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान देने वाले क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है ताकि वे आत्मनिर्भर होकर मजबूत समाज का निर्माण करें। साथ ही अपने सपनों को भी नई उड़ान दे सके। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भीलवाडा में रैली निकाली गई। रैली में नर्सिंग की ट्रेनिंग करने वाली छात्राएं शामिल हुई।

........................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कोटा में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और मानद डिग्री प्रदान की। श्री बागडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनसे हमेशा राष्ट्रहित में समर्पित होकर काम करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी विकसित भारत के सपने को साकार करने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। राज्यपाल कोटा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी शिरकत करेंगे।

........................

राज्य विधानसभा में आज से युवा संसद आयोजित की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसकी शुरूआत की। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण और जल संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल संचयन के लिए जीवनशेली में बदलाव लाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश की जल संरक्षण की प्राचीन तकनीकों का जिक्र किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक नवाचारों के माध्यम से जलवायु की शुद्धि की जा सकती है।

दो दिन चलने वाली इस युवा संसद के माध्यम से युवाओं को विधानसभा की कार्यप्रणाली समझाई जायेगी। इस संसद में देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों में पढ रहे युवा भाग ले रहे है।

........................

जयपुर जिले की सांभर झील पर आज से सांभर महोत्सव शुरू हुआ। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा रोमांचक और साहसिक गतिविधियां आयोजित की जायेगी। प्रवासी परिंदों को देखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। ये महोत्सव 28 जनवरी तक चलेगा। इधर जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर आज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम कल्चरल डायरीज का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत आज पारम्परिक घूमर और मंजीरा नृत्य की प्रस्तुति होगी। वहीं जोधपुर में कल से हस्तशिल्प एक्सपो शुरू हुआ। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इसका उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि जोधपुर अब पर्यटक स्थलों के अलावा हस्तशिल्प क्षेत्र में भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है। एक्सपो में राज्य के विभिन्न उत्पादकों, कारीगरों ओर निर्यातकों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किये है। इस बीच जैसलमेर में फरवरी में आयोजित होने वाले मरू महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। इसकी तैयारियों के लिए आज जिला कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जा रही है।

........................